राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने दीपावली के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 03 नवम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने दीपावली के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि दीपावली का त्योहार अंधकार पर प्रकाश एवं अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है।

उन्होंने कहा है कि यह त्योहार हमें अंतःकरण को स्वच्छ कर उसे सत्य, प्रेम और ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने की प्रेरणा देता है। इस पर्व के माध्यम से आपसी प्रेम, सामाजिक एकता और सद्भावना सुदृढ़ होती है।

राज्यपाल ने इस त्योहार के अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है तथा उन्होंने सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने की अपील की है।

....